St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text: (1st Term) **(Answer Worksheet –1)** **Date: 02.07.2020**
Topic: Desh Hamara **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर लिखो :-

1 हमारे देश के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन करो |

उ- हमारा देश भारत संसार का सबसे सुन्दर देश है | इसके उत्तर में बर्फ से ढका हिमालय पर्वत है | हिमालय से निकलने वाली नदियाँ दूध की धारा जैसी लगती है | इसके पश्चिम में अरब सागर ,पूर्व में बंगाल की खाड़ी और दक्षिण में हिन्द महासागर है | हमारे देश के पेड़ फल - फूलो से लदे रहते है और इसकी सुंदरता बढ़ाते है |

2 पर्वतराज हिमालय से हमें क्या लाभ है ?

उ -हिमालय बहुत विशाल है , इसलिए उसे पर्वतराज कहते है | यह उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं से हमें बचाता है | हिमालय प्रहरी की तरह शत्रुओं से हमारी रक्षा करता है |हिमालय के घने जंगलों में जो पेड़ है , उनकी लकड़ियाँ बहुत कीमती है | हिमालय पर बहुत से तीर्थ स्थान है , जहाँ पर्यटक हर साल आते है |

3 हमारे देश की प्रमुख ऋतुओं के बारे में लिखो |

उ - हमारे देश में अलग -अलग ऋतुएं अपना प्रभाव दिखाती है | जैसे - गर्मी, सर्दी ,बरसात ,बसंत ,शिशिर और हेमंत | मुख्य ऋतुएं गर्मी ,सर्दी और बरसात है | गर्मी में दिन बड़े और रातें छोटी होती है | सर्दी में बहुत ठण्ड होती है और बरसात में वर्षा होती है , जिससे गर्मी से सबको राहत मिलती है|

4 हम सब एक कैसे है ?

उ -भारत में 29 राज्य है | इन राज्यों की भाषा , रहन - सहन और खान - पान अलग है , फिर भी हम सब एक है | हमारी सोच , विचारधारा एक है |हम सब एक ही फुलवारी के अलग - अलग फूल है |

हमारे देश में अनेकता में भी एकता के दर्शन होते है ।

Poonam Mehra